खबर संक्षेप

## जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक रामकृष्ण केयर में गंभीर बीमारियों का हो रहा इलाज



**शहडोल।** जिला मुख्यालय में रामकृष्ण केयर अस्पताल के चिकित्सकों ने पत्रकारवार्ता का आयोजन किया, चिकित्सकों ने बताया कि रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर जो कि मध्यभारत का अत्याधुनिक अस्पताल कई वर्षों से अपनी सेवा जन कल्याण में नई-नई तकनीकों के साथ निरंतर जन-जन तक पहुंचाते आ रहे है, जिसमें अस्पताल द्वारा कैंसर के मरीजों के लिये नई तकनीकों के साथ डॉ. रवि जायसवाल के द्वारा कैंसर इलाज में अपनी सुविधायें प्रदान कर रहें हैं, इम्युनोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी, रोबोटिक सर्जरी द्वारा कैंसर मरीजों का इलाज द्वारा किया जाता है। रामकृष्ण केयर में कैंसर मरीजों के लिए रामकृष्ण केयर अस्पताल के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे द्वारा एक सुचारू टीम की संरचना की गई है, जिसमें मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग एवं रक्त रोग विशेषज्ञ अपनी सेवायें मरीज को कई वर्षों से देते आ रहे हैं, जिसमें बोन मैरो प्रत्यारोपण, कीमोथेरेपी, डे-केयर वार्ड साथ में 30 बिस्तरों के साथ सर्वसुविधयुक्त आईसीयू की सुविधायें अस्पताल द्वारा उपलब्ध है। जिसमें रक्त रोग विभाग रोगों के प्रबंधन के लिए सुविधायें जो कि जटिल खून की कमी, हसिया रोग एवं थैलेसीमिया जैसे गंभीर रक्त रोगों का इलाज हेमेटोलॉजी विभाग द्वारा किया जाता हैं। अब इस प्रकार के इलाज के कारण लोगों में कैंसर का डर कम हो रहा है और चौथे स्टेज के मरीज भी कैंसर को हरा पा रहे हैं। यह सुविधा प्राप्त करने के लिये महीने के दूसरे रविवार को शहडोल व अनुपपुर में हमारे चिकित्सक अपनी सेवायें प्रदान करते हैं।

## अधिकारियों ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** सांसद संसदीय क्षेत्र शहडोल श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, कलेक्टर श्री तरुण भटनागर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस बुढार परिसर में पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पौधारोपण किया। इस अवसर सदस्य जिला योजना समिति श्री कमल प्रताप सिंह,अध्यक्ष नगर पालिका धनपुरी श्रीमती रवींदर कौर छाबड़ा, अध्यक्ष नगर परिषद बुढार श्रीमती शालिनी सरावगी सहित कॉलेज में अध्यनरत छात्र-छात्राओं व गणमान्य नागरिकों ने भी पौधारोपण किया।

## विद्यालय खरपा के नए भवन जो अभी एक साल हुए हैं छत में पानी भराव के कारण सीलन से जर्जर हो रही

**ब्यौहारी।** सिविल अस्पताल कि दुर्दशा समझें या आवश्यक वस्तुओं और दवाओ कि कमी समझें .......1 प्राथमिक टांके लगाने जैसे उपचार के लिए एक कैंची जो सही ढंग से काम नहीं करती , उसमें जंग लगी है , उसमें नट जो लगा है बिजली के बोर्ड का लगा हुआ है क्योंकि उसका नट गिर गया था दूसरा लगा कर काम चलाया जा रहा है ।2 टिटनेस का इंजेक्शन आपको बाहर से ही लाना पड़ता है ।3 टांका लगाने का धागा भी बाहर से ।4 प्लास्टर करने का भी बाहर से ।5 एम्बुलेंस समय पर नहीं मिलेगी ब्यौहारी में या मिलेगी ही नहीं , प्राइवेट एम्बुलेंस का 2800 देना पड़ता है। 6 icu वार्ड बन गया पर संचालन नहीं धीरे धीरे खंडहर हो जाएगा । 7 ऑक्सीजन प्लांट लगा है पर गैस ही नहीं तो धीरे धीरे खंडहर हो रहा है ।8 स्टॉफ कि कमी चाहे डॉक्टर हो या नर्स ।9 टांका लगाने वाले स्टॉफ कि कमी है , जो हैं उनमें भारी लोड पड़ रहा है।

# न रोटी बनाने की मशीन, न इलेक्ट्रॉनिक कुकर, फिर भी मिला टेंडर

**शर्तें दरकिनार: सौ रुपए में दो टाइम भोजन, नाश्ता और चाय की व्यवस्था**

**सुरक्षा एजेंसी के अनुभव पर शहडोल में मिला खाने का टेंडर**

**मुख्यालय में बिना कार्यालय इंदौर से संचालित होगा जुगाड़ का सिलसिला**

**शहडोल** -का शासकीय जिला चिकित्सालय आए दिन कोई न कोई कीर्तिमान बनाते ही रहता है, कभी अपने पत्रों के कारण सुर्खियां बटोरने वाले सिविल सर्जन ने जिला चिकित्सालय के मरीजों के लिए दो टाइम का खाना, एक टाइम का नाश्ता और चाय की व्यवस्था में 100 सौ रुपए में सुनिश्चित कर दी है और इसे अमली जामा पहनने की कवायत भी शुरू कर दी गई है, जबकि निविदा की दर प्रतिदिन 150 रुपए रखी गई थी, लेकिन चिकित्सालय प्रबंधन ने एक बार फिर कमाल कर दिखाया है।

शहडोल





हरिभूमि
विराट भूमि
अस्पताल में रोगियों के भोजन की घटेगी गुणवत्ता
विसंगतियों की अनदेखी कर दे दिया भोजन का ठेका

कुशाभाऊ ठाकरे शासकीय अस्पताल शहडोल आए दिन किसी न किसी मामले के कारण सुर्खियों में रहता है, हालांकि मेडिकल कॉलेज खुल जाने के बाद अब यहां मरीजों को शिफ्ट किए जाने के कारण उन्हें होने वाली परेशानियों और उनसे संबंधित उठने वाले सवाल काफी कम हो गए हैं, हालाकि सुर्खियां बटोरने का पूरा काम चिकित्सालय प्रबंधन ने अपने कंधों पर ले रखा है, कभी मनमाना आदेश जारी कर सुर्खियां बटोरने वाले दंत चिकित्सक बनाम सिविल सर्जन को लेकर इन दिनों शहडोल के एक कारोबारी ने कलेक्टर शहडोल से लेकर कमिश्नर और भोपाल तक शिकायतों का अंबार लगा दिया है।

### यह है आरोप

कारोबारी का आरोप है कि जिला चिकित्सालय में कैंटीन व्यवस्था के लिए बीते माह टेंडर जारी किया गया था, विभाग ने इसके लिए 15 शर्तों का उल्लेख किया था और उस आधार पर टेंडर खोला जाना था, निविदा में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति के हिसाब से डेढ़ सौ रुपए राशि तय की गई थी, इस 150 रुपए में मरीज को दोनों टाइम का खाना, सुबह का नाश्ता और चाय की व्यवस्था करनी थी, हालांकि महंगाई के इस दौर में महज 150 रुपए में दो समय का खाना, एक समय का नाश्ता, जिसमें अंडा और दूध जैसी वस्तुएं शामिल हो और उसके साथ सुबह की चाय भी शामिल हो, वह मुश्किल ही की जा सकती है, लेकिन तमाम सवालों पर विराम लगाते हुए जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। प्रबंधन ने इंदौर की एक फर्म को सिर्फ 100 में टेंडर की जिम्मेदारी सौंपते हुए उसके अनुबंध को लगभग स्वीकृत कर लिया है, जिसको लेकर अब अंदर की बातें भी बाहर आने लगी है। आरोप है कि विभाग द्वारा जिन 15 शर्तों का उल्लेख किया गया था उन्हें दरकिनार कर दिया गया है और प्रबंधन इस मामले में पूरी तरह मनमानी पर उतर आया है।

### विभाग ने रखी थी यह 15 शर्तें

चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा उक्त टेंडर भरने वालों के लिए 15 शर्तें निर्धारित की गई थी, जिन पर नजर डाली जाए तो फर्म के रजिस्ट्रेशन की कॉपी और उसमें शहडोल में ब्रांच होने का उल्लेख के साथ उसके दस्तावेज होना आवश्यक बताया गया था, इसके अलावा फर्म के गुमास्ता की कॉपी, फर्म के प्रोपराइटर का एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन, फूड एंड सेफ्टी विभाग के द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र,कर्मचारियों के ईपीएफ के रजिस्ट्रेशन, ईएसआईसी रजिस्ट्रेशन की पीडीएफ कॉपी के अलावा श्रम विभाग के द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र, जीएसटी का प्रमाण पत्र तथा किसी भी शासकीय और अर्धशासकीय संस्थान के द्वारा यदि फर्म को ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। इसका शपथ पत्र ऑनलाइन संलग्न करना था, इन 09 शर्तों के अलावा 10 वीं शर्त के रूप में एक लाख रुपए की ईएमडी की फीस भी जमा कर उसकी रिसीवड संलग्न करनी थी, इनेक्जर बी तथा कार्य के दौरान आवश्यक उपकरणों जिसमें रोटी बनाने की मशीन, इलेक्ट्रॉनिक कुकर तथा अन्य ऐसे उपकरणों की उपलब्धता तथा मालिकाना हक से संबंधित पॉइंट नंबर 52 की पीडीएफ आवेदन के साथ ऑनलाइन अपलोड करनी थी, इसके अलावा डाइट अथवा कैटरिंग में बीते 3 सालों का अनुभव प्रमाण पत्र एवं फर्म का वित्त तीन सालों का 20 लाख के टर्नओवर का प्रमाण पत्र जो किसी चार्टर अकाउंटेंट से जारी किया जाना था, वहीं पंद्रहवी शर्त के रूप में 3 सालों की इनकम टैक्स रिटर्न की फाइल की पीडीएफ के तौर पर टेंडर भरने के दौरान अपलोड करनी थी, सूत्रों पर यकीन करें तो जिन पांच फर्मों को इसमें शामिल किया गया है, उसमें से खासकर जिस फर्म को कार्य हेतु आमंत्रित किया गया है, वह इन 15 शर्तों में से कई शर्तों को पूरा नहीं करती, जिसकी बिंदूवार शिकायत शहडोल के कारोबारी के द्वारा विभाग तथा जिले के कलेक्टर और कमिश्नर तक को दी गई है।

### सुरक्षा एजेंसी को कैंटीन का जिम्मा

जिला चिकित्सालय के कैंटीन का जिम्मा इंदौर की एक सुरक्षा एजेंसी को दिया जा रहा है बताया गया की कामधेन सिक्योरिटी इंदौर नामक फर्म के द्वारा ही निविदा की 15 शर्तों में से शर्त क्रमांक एक,12 और 13 को पूर्ण नहीं किया जा रहा है, यह भी बताया गया कि कामधेनु सिक्योरिटी को अपना 3 वर्ष का भोजन व्यवस्था अथवा कैटरिंग का अनुभव प्रमाण पत्र लगाना था लेकिन उसने सिक्योरिटी का अनुभव प्रमाण पत्र लगाया, सोचनीय पहलू यह है कि सिक्योरिटी और सुरक्षा जैसे जिम्मा संभालने वाली फॉर्म का अनुभव देखने के बाद भी उसे भोजन व्यवस्था का जिम्मा कैसे सौंपा गया, वहीं यह भी जानकारी सामने आई कि उसने उसका शहडोल संभागीय मुख्यालय में ना तो फर्म का रजिस्ट्रेशन है और नहीं यहां उसकी कोई कार्यालय ही है।

### करारनामा अनुबंध का प्रारूप गलत

कामथन सिक्योरिटी इंदौर द्वारा 10 से ज्यादा कार्य के प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, जिसमें दो प्रमाण पत्र डाइट व कैटरिंग से संबंधित है, जिसकी अवधि सिर्फ एक वर्ष की है, अर्थात 2022 से 23 वर्ष की जबकि 3 वर्षों का अनुभव आवश्यक माना गया था , वहीं कार्य के दौरान उपयोग आने वाले आवश्यक उपकरणों का प्रमाण पत्र टेंडर भरने के दौरान संलग्न करना चाहिए, बावजूद कामथेन सिक्योरिटी इंदौर द्वारा सिर्फ लेटर हेड में या लिखकर संलग्न किया गया कि समस्त उपकरण उपलब्ध है तथा स्टार फूड सतना द्वारा एफिडेविट में लिखकर उन्हें दिया गया है, शिकायतकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि करारनामा अनुबंध का प्रारूप भी गलत है, एक से लेकर 7 तक की शर्तें पूर्ण करने वाली फर्मों को ही रिस्पांसिंग किया जाना चाहिए और इसी के आधार पर ही आगामी विचार किया जाना चाहिए था, लेकिन निविदाकार द्वारा आवश्यक शर्तें पूर्ण नहीं की गई, बावजूद उन्हें इस सूची में रखा गया और कार्यों का आवंटन कर दिया गया।

# रेलवे मार्केट मार्ग पर हो रही दुर्घटनाओं पर लगेगा विराम

बुढार



सिंधी धर्मशाला से होकर रेलवे मार्केट जाने वाले मार्ग पर सडक़ के दोनों किनारे काफी बड़े गड्ढे होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रही है, बीते दिनों ही दो पहिया वाहन पर जा रहे हैं एक दंपति दुर्घटना का शिकार होकर गड्ढे में गिर गए थे, रविवार को स्थानीय नेहरू डिग्री कॉलेज के कार्यक्रम में पहुंचे शहडोल कलेक्टर तरुण भटनागर से बुढार पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष दौलतराम मनमानी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की, जिस पर तत्काल गंभीरता दिखाते हुए शहडोल कलेक्टर ने सोहागपुर एसडीएम अरविंद शाह को मौके का निरीक्षण करने के निर्देश दिए और व्यवस्था दुरुस्त करने का आश्वासन भी दिया,कार्यक्रम के समापन के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने मौके का निरीक्षण किया और जल्द ही समस्या के समाधान की बातें भी कहीं ।

### सडक़ के दोनों किनारे है खाईनुमा गड्ढे

बुढार स्थित रेलवे ओवरब्रिज से सिंधी धर्मशाला होते हुए रेलवे मार्केट जाने वाले मार्ग पर कुछ दूरी तक सडक़ के किनारे कोई बैरिकेड तथा मिट्टी का भराव ना होने के कारण वहां सडक़ के किनारे खाई जैसे बड़े बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं, इस सडक़ पर दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है, रेलवे स्टेशन के साथ ही रेलवे मार्केट तथा अन्य कार्यों से लोग 24 घंटे इस मार्ग पर से निकलते रहते हैं, सडक़ के किनारे खाई नुमा गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और लोग चोटिल भी होते हैं, सिंधी धर्मशाला के दोनों तरफ स्थित गड्ढों से जहां लोगों को परेशानी हो रही है,हालांकि यह भूखंड स्थानीय रहवासियों के निजी स्वामित्व के भूखंड है, लेकिन खुद भू स्वामी और ना ही रेलवे प्रबंधन और स्थानीय नगरिय निकाय का आमला इस और ध्यान दे रहा है, इसका खामियाजा आए दिन वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है।

### एसडीएम ने दिया निराकरण का आश्वासन

रेलवे मार्केट मार्ग पर सडक़ के किनारे गड्ढे होने से हो रही दुर्घटनाओं से निजात पाने के लिए निरीक्षण के उपरांत अनुभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह ने यह आश्वासन दिया कि जल्दी इन गड्ढों को भरवा दिया जाएगा, हालांकि जिन जिन व्यक्तियों के यह भूखंड है उनकी सहमति भी ली जाएगी और उन्हें इस बात की समझाइए भी दी जाएगी की सडक़ के किनारे गड्ढे दुर्घटना का कारक बन रहे हैं, निरीक्षण के दौरान मौके पर ही स्थानीयजन भी पहुंच गए जिन्होंने खुद को भूखंडों का मालिक होना बताया, एसडीएम ने उन्हें इस बात की और समझाइश दी की सडक़ के किनारे कुछ मीटर तक गड्ढों को भरा जाएगा, जिसमें वह अपना सहयोग प्रदान करें इस पर स्थानीय जनों ने अपनी सहमति भी प्रदान की, एसडीएम ने उपस्थित जनों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही प्रशासन इन गड्ढों पर मिट्टी डालकर हो रही दुर्घटनाओं में विराम लगाने का प्रयास करेगा।

# प्रधानमंत्री आवास पर दबंग कर रहा कब्जा



**शहडोल।** नगर के वार्ड नंबर 07 बड़ा तालाब के पास रहने वाली फूलबाई कुशवाहा नामक महिला ने कलेक्टर को शिकायत देकर आरोप लगाये हैं कि रामजनी कुशवाहा उसकी सास के नाम पर आवंटित प्रधानमंत्री आवास योजना से निर्मित आवास पर कब्जा कर लिया है। उसने यह भी आरोप लगाये कि जिस भूमि पर भवन का निर्माण हुआ है, वह भूमि प्रार्थिया के सास के नाम पर राजीव गांधी आश्रय योजना से आवंटित की गई थी, प्रार्थिया अपने परिवार का भरण-पोषण सब्जी बेचकर करती है, जबकि रामधनी दबंग किस्म का व्यक्ति है, उसकी पत्नी मेडिकल कॉलेज शहडोल में पदस्थ है और उसने कई जगह सरकारी भूमि पर कब्जा करके अवैध निर्माण भी किया हुआ है।

### पूर्व में भी की थी शिकायत

पीड़िता ने बताया कि पूर्व में भी जनसुनवाई के दौरान उसने रामधनी के नाम पर शिकायत की थी, नगर पालिका शहडोल के द्वारा सर्वे के दौरान उसकी सास का नाम वर्ष 2017-18 की सूची में आवास के लिए स्वीकृत हुआ था, जिस भूमि पर आवास निर्माण किया गया है, 1998 में राजीव गांधी आश्रम योजना के तहत उन्हें पट्टा आवंटित हुआ था, दोनों के ही दस्तावेजों की प्रतिया फूलबाई कुशवाहा ने कलेक्टर को दी गई शिकायत में संलग्न की हैं।

### प्रार्थिया के जान को खतरा

कलेक्टर को दी गई शिकायत में महिला ने यह भी लिखा कि 2022 में भी पीड़िता ने जनसुनवाई और अन्य माध्यमों से शिकायत की हुई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रारंभ की गई योजना के तहत आवंटित आवास पर दबंग ने कब्जा कर लिया है और पीड़िता जब इस संदर्भ में कहीं शिकायत करती है या फिर दबंग से आवास मुक्त कराने की बात करती है तो, वह मारपीट भी करने से नहीं चूकता, पीड़िता ने कहा कि दबंग के आतंक से प्रधानमंत्री की योजना और आवास को मुक्त कराया जाये।

# सीनियर सिटीजनों ने किया मेधावी छात्रों का सम्मान




**शहडोल।** सीनियर सिटीजन एसोसिएशन ने हर वर्ष की तरह इस बार भी संभागीय मुख्यालय के निजी एवं शासकीय विद्यालय में अध्यनरत मेधावी छात्रों का सम्मान किया रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीनियर सिटीजंस की ओर से लगभग दो दर्जन से अधिक बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें उपस्थित अतिथियों से सम्मानित कराया गया कार्यक्रम के दौरान शहडोल पुलिस जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश चंद्र सागर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे वही सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के अध्यक्ष एम एल मंत्री तथा उपाध्यक्ष तथा पूर्व भाजपा विधायक छोटेलाल सरावगी की भी मंच पर मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे उन्होंने अपना उद्बोधन भी दिया और बच्चों का उत्साह वर्धन भी किया कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अरुण अग्रवाल ने उपस्थित अतिथियों के हाथों मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रचलन करवाया वहीं दव विद्यालय बुढार की बच्चियों ने मनमोहन गीत की प्रस्तुति दी।



### उपस्थित रहे सीनियर सिटीजंस

बीते कई दशकों से शहडोल में समाज हित तथा अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन कर रही सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के द्वारा हर वर्ष मेधावी छात्रों का सम्मान किया जाता रहा है, रविवार को आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के अलावा सहसचिव योगेश अग्रवाल,जीडी आहूजा, कमल मूदड़ा, महेश अग्रवाल, डॉक्टर ए.के.श्रीवास्तव, जगदीश केजरीवाल, राधेश्याम शुक्ल, एस.के.सिंह , डॉक्टर पवन मूदड़ा, सुरेंद्र अग्रवाल, डॉक्टर गौरी शंकर, राजेंद्र अग्रवाल तथा बुढार से गीता अनुरागी और बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे और मीडिया कर्मी भी उपस्थित रहे , कार्यक्रम में जहां डीएवी बुढार विद्यालय की बच्चियों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दी, वहीं पुलिस जोन शहडोल के एडीजी डी.सी.सागर ने भी अपना उद्बोधन दिया, उन्होंने कार्यक्रम के लगातार आयोजन के लिए सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के सदस्यों को साधुवाद दिया और उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है और इस तरह के कार्यक्रम लगातार होने भी चाहिए।

### गूगल बॉय और गौशाला समिति भी सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान जहां उपस्थित बच्चों को सम्मानित किया गया, वहीं शहडोल के 5 साल के गूगल बॉय देवेश सिंह को भी सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के माध्यम से सम्मानित किया गया, एडीजीपी डी.सी.सागर ने जहां गूगल बॉय से कई सवाल पूछे और बच्चे ने त्वरित उनके उत्तर भी दिया, वहीं अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान के गौरव मिश्रा, सार्थक मिश्रा, प्रकाश सेन, प्रियांशु मिश्रा और अन्य सदस्यों को भी क्षेत्र में गौ सेवा के लिए सम्मानित किया और मुख्य अतिथि ने अपनी ओर से समिति को 5100 बात और सहयोग भेंट भी अर्पित की समिति के सदस्यों को भी इस दौरान पुरस्कृत किया गया।

# गौ सेवकों ने बचाई गाय-बछड़े की जान



**शहडोल।** जिला मुख्यालय के सिंहपुर रोड बीज गोदाम के पीछे मैदान में एक गाय प्रसव पीड़ा में थी और बच्चे को जन्म देने की कोशिश कर रही थी, लेकिन बच्चे के पैर बाहर आने के बाद किन्ही कारणों से बच्चा फंस गया था, इसकी सूचना गौ सेवक सदस्य बॉबी पनिका द्वारा सिल्लू रजक को दी, सूचना मिलते ही गौ सेवको की टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर गाय का सुरक्षित डिलेवरी कराने का काफी प्रयास किया पर बच्चा बुरी तरह फंस गया था, तत्पश्चात सिल्लू रजक द्वारा पशु चिकित्सा डिप्टी डारेक्टर से बात कर गौ एम्बुलेंस 1962 कि सेवा उपलब्ध हुई, डॉक्टरों की टीम व नंदी गौ सेवा की टीम के माध्यम से लगभग तीन घण्टे की कड़ी मशक्कत गाय की सुरक्षित डिलेवरी कराने में सफल मिली। करीब 5 घंटों से गाय के बच्चा फंसे रहने के बाद भी गाय और बछड़ा दोनों स्वस्थ एवं सुरक्षित है और गौ सेवको द्वारा गाय मालिक का पता लगाया गया, मालिक की जानकारी होने पर दोनों माँ-बछडे को मालिक के सुपुर्द कर दिया। इस कार्य में विक्रम कल्याणी, पार्षद सिल्लू रजक, नंदी गौ सेवा संस्थान से विकाश जोतवानी, वॉबी पनिका, किशन यादव, अंतु गुप्ता, गोलू, शिवम एवं विटनरी के चिकित्सक एवं उनकी टीम से दिवाकर यादव, शानि प्रभाकर रजक, दिनेश एवं अन्य उपस्थित रहे।

## चोरी का आरोपी 12 घंटे के अन्दर गिरफ्तार

**धनपुरी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को फरियादी राजेन्द्र सिंह पिता स्व. माधव सिंह उम्र 32 साल निवासी धनपुरी नंबर 04 का थाना में रिपोर्ट लिखाई कि, 12 जुलाई को रात्रि करीबन 10.30 बजे उसकी होण्डा साइन मोटर सायकल क्रमांक एमपी 65 एमई 9248 झिल्ली दफाई धनपुरी से किसी व्यक्ति के द्वारा चोरी कर ली गई है। जिस पर थाना धनपुरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना तत्काल पुलिस टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की पता तलाश की गई। इस दौरान रविवार को आरोपी साईराज सोनी पिता राजकुमार सोनी उम्र 27 साल निवासी वार्ड नंबर 15 मीट मार्केट धनपुरी के कब्जे से होण्डा साइन मोटर सायकल जप्त की गई व आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

# महिला पर बाघ ने किया हमला



**शहडोल।** जिले के खन्नौधी वन परिक्षेत्र के मलमाथर गांव मे रहने वाली 60 वर्षीय महिला चरवाहा नान बाई सिंह गोड उम्र मलमाथर के जंगल अपने अन्य साथियों के साथ मवेशी चराने गई थी, जंगल में मवेशी चरा रही महिला जब अपने साथियों से बिछड़ गई , उसी दौरान जंगल में विचरण कर रहे बाघ ने महिला पर हमला कर दिया, इस दौरान महिला कुछ देर तक बाघ के संघर्ष करती रही , बाघ के हमले का सामना कर रही ग्रामीण महिला, जोर-जोर से मदद की गुहार लगाने लगी, महिला के मदद की गुहार सुनकर जंगल में मौजूद अन्य लोगो वहा भागवकर आए और जोर-जोर से हो हल्ला करने लगे , जैसे ही बाघ ने अन्य लोगो को मौके पर देखा महिला को लहूलुहान छोडक़र भाग खड़ा हुआ, इस संघर्ष में महिला एक को कई गंभीर छोटे आई, इस मामले की जानकारी वन विभाग एवं पुलिस विभाग को दी गई, मौके पर वन कर्मी एव पुलिसकर्मी मौके पर और घायल महिला को उपचार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर इलाज के लिए ले जाया गया, जहां महिला का इलाज जारी है। वही वन विभाग इस बाघ के हमले की बारीकी से जांच शुरू कर आगे की वैधानिक कार्यवाही कर रहा है।

दक्षिण वन मंडल के डीएफओ सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे ने घटना के संबंध में बताया वन क्षेत्र में बाघ के हमले से एक स्थानीय व्यक्ति घायल हुआ है, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल चरवाहा किसी भी प्रकार के खतरे से बाहर है, जिस जगह पर बाघ द्वारा चरवाहे पर हमला किया गया, सुरक्षा के लिहाज से वन अमला उस क्षेत्र की गश्ती कर रहा है और क्षेत्र के ग्रामीणों को भी जंगल मे उनके मवेशी न लेजाने की समझाइश दी जा रही है।

### गृहमंत्री अमित शाह ने किया वर्चुअल शुभारंभ

# बुढार का एनडीसी बना पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस





### क्षेत्रीय सांसद विधायक कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधि रहे शामिल

**मध्य प्रदेश के 55 जिलों में एक साथ रविवार को देश के गृहमंत्री अमित शाह ने पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस का वर्चुअल शुभारंभ किया, जिले के बुढार स्थित नेहरू डिग्री कॉलेज को भी इन 55 कॉलेज में शामिल किया गया है यहां क्षेत्रीय सांसद के साथ स्थानीय विधायक निकायों के अध्यक्ष, कलेक्टर, एसडीएम तथा सैकड़ो की संख्या में बच्चे जनप्रतिनिधि और कॉलेज प्रबंधन उपस्थित रहा।**

बुढार

जिले के धनपुरी नगर पालिका अंतर्गत स्थित नेहरू डिग्री कॉलेज बुढार को शासन ने अपग्रेड करते हुए उसे प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस की सूची में शामिल कर लिया है, रविवार को मध्य प्रदेश के लगभग 55 जिलों में वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया गया, नेहरू डिग्री कॉलेज में भी आयोजित व्रत कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह स्थानीय विधायक जयसिंह मरावी तथा ब्योहारी के विधायक शरद कौल के अलावा शहडोल कलेक्टर तरुण भटनागर और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुआ है कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा, इसमें देश के गृहमंत्री अमित शाह ने वर्चुअल शुभारंभ किया कार्यक्रम स्थल पर बड़े-बड़े स्क्रीन लगाए गए थे, जिसमें प्रदेश के 55 जिलों को एक साथ जोड़ा गया था,जहां देश के गृहमंत्री अमित शाह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ ही मध्य प्रदेश कैबिनेट के अन्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी तथा प्रबुद्ध जन अपना संबोधन दे रहे थे, बुढ़ार में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने भी अपना उद्बोधन दिया और इसे एक बड़ी उपलब्धी बताया, श्रीमती हिमाद्री सिंह ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को इस योजना में शहडोल जिले के बुढार को शामिल करने के लिए साधुवाद देते हुए आभार व्यक्त किया, उन्होंने आगे कहा कि मध्य प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है।

### 55 जिलो में वर्चुअल उद्घाटन

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मध्य प्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज आप एक्सीलेंस का वर्चुअल उद्घाटन आज किया है, उन्होंने कहा कि शहडोल जिले के बुढ़ार में स्थित नेहरू डिग्री कॉलेज को पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस में शामिल किया गया है, जिसका फायदा सीधे आदिवासी अंचल के बच्चों को मिलेगा उन्होंने इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताई कार्यक्रम के दौरान जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी, ब्योहारी के विधायक शरद कोल तथा शहडोल कलेक्टर तरुण भटनागर, अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर अरविंद शाह, स्थानीय तहसीलदार, भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह के अलावा बुढार नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी, धनपुरी नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा और नगर परिषद बकहो की अध्यक्ष श्रीमती मौसमी केवट के अलावा भाजपा के तमाम पदाधिकारी और जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष निलेश जैन, विद्यालय प्रबंधन के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में बच्चे,मीडियाकर्मी आदि मौजूद रहे।

### मध्य प्रदेश से नई शिक्षा नीति का आगाज

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में देश में नई शिक्षा नीति लागू होने जा रही है और हमारा सौभाग्य है कि इसकी शुरुआत मध्यप्रदेश से हो रही है, श्रीमती सिंह ने इसे महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि आदिवासी अंचल के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया उन्होंने आगे कहा कि इससे प्रदेश में इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई का पाठ्यक्रम मातृभाषा हिंदी में लागू किया गया है, उन्होंने कहा कि हमारा भारत हर क्षेत्र में अग्रणी रहे विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी सरकार ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति लाने का काम किया है, जो छात्रों को हमारी प्राचीन संस्कृति से जोडन्ने का काम करेगी।

### नवीन पदों को भरने की बात

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में पुस्तकालय, लैब उपकरण से लेकर खेल सुविधाओं से लैस रहेंगे, मध्य प्रदेश के 55 जिलों में पीएम कॉलेज आफ एक्सीलेंस के लिए 486 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं, एक्सीलेंस कॉलेज की खासियत यह भी है कि यह कॉलेज सभी संसाधनों से युक्त होंगे, इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के अनुरूप इसमें सभी कोर्स उपलब्ध रहेंगे, प्रदेश सरकार ने इसके लिए 2232 नवीन पदों को भरने की बात भी कही है, इसके लिए केंद्र सरकार ने 150 करोड रुपए वार्षिक आवर्ती की सौगात दी है, प्रदेश के इन 55 प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में 1845 शैक्षणिक तथा 387 तृतीया और चतुर्थ श्रेणी के पद भी सृजित किए गए हैं, श्रीमती हिमाद्री सिंह ने आगे कहा कि आज प्रदेश को सौगात मिल रही है खासकर हमारे आदिवासी अंचल के बच्चों के लिए है बड़ी उपलब्धि होगी, पूरे देश में नई शिक्षा नीति लागू करने वाला हमारा मध्य प्रदेश पहला राज्य बना है और हमारे शहडोल संसदीय क्षेत्र से भी इसकी शुरुआत होने जा रही है, शिक्षा को लेकर हमारे सामने विकल्प खुले हैं, उन्होंने कहा कि छात्र अब हमारी संस्कृति को भी जानेंगे और सभ्यता को भी समझेंगे, आज इन कॉलेज में बीकॉम लॉजिस्टिक, बीकॉम ईटेक ऑपरेशन तथा बीकॉम इन रिटेल ऑपरेशन, बीएससी इन हेल्थ केयर मैनेजमेंट, बीएससी मार्केटिंग इन सेल्स जैसे नए कोर्स प्रारंभ होंगे जो बच्चों को एक नई राह दिखाएंगे।

### एक पौधा मां के नाम पर रोपा

कार्यक्रम के उपरांत नेहरू डिग्री कॉलेज परिसर रामगढ़ में ही स्थानीय बच्चों के द्वारा पौधारोपण का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया था, यहां सांसद श्रीमती हेमाद्रि सिंह ने पौधारोपण किया इसके साथ ही विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने मां के नाम पर एक पौधा यहां पर लगाया, वहीं क्षेत्रीय सांसद ने इस दौरान महाविद्यालय में अध्ययन बच्चों के लिए बस योजना की भी शुरुआत की, श्रीमती हिमाद्री सिंह ने बस को हरी झंडी दिखाकर इसकी शुरुआत की महाविद्यालय के द्वारा प्रारंभ की गई है, योजना बुढार के आसपास अमलाई, धनपुरी, ओरिएंट पेपर मिल तथा काटकोना, जरवाही, करकटी जैसे क्षेत्रों से आने वाले बच्चों के लिए सुविधा प्रदान करेगी।

## महाविद्यालय के छात्रों के लिए यह अनूठी सौगातः कलेक्टर



**उमारिया।** मप्र शासन द्वारा सत्र 2024-25 से जिले के अग्रणी शासकीय आर व्ही पी एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमरिया को प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन होने पर विद्यार्थियों को विभिन्न लाभ मिलेगा। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को बस सेवा, हिंदी ग्रंथ अकादमी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ , विवेकानंद युवा संसाधन का लाभ मिलेगा। उक्त आशय के विचार पूर्व सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र ज्ञान सिंह ने शासकीय रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय उमारिया में प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये । इस दौरान पूर्व सांसद ने शासकीय आर व्ही पी एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय का प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन, हिंदी ग्रंथ अकादमी, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं विवेकानंद युवा संसाधन केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया । उन्होंने कहा की बस की सेवा मिलने पर विद्यार्थी समय पर कालेज पहुचेंगे और अपने अध्यापन का कार्य करेंगे । इसी तरह हिंदी ग्रंथ के काउंटर के संचालन होने पर विद्यार्थियों को हिंदी साहित्य की जानकारी मिलेंगी, जो उनके जीवन मे उपयोगी साबित होगी। महाविद्यालय परिसर में स्थापित विभिन्न काउंटर के माध्यम से खोले गये प्रकोष्ठ से विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जित करने में सुविधा मिलेगी । विद्यार्थियों को कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा, जिसके माध्यम से अपना भविष्य संवार सकेगे । इस अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा इंदौर से मध्यप्रदेश के समस्त 55 जिलों में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण शासकीय आर व्ही पी एस स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बांधवगढ़ शिव नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षा के बिना मानव का जीवन अधूरा हैं । उन्होने कहा कि महाविद्यालय में सत्र 2024-25 में पूर्व से संचालित विषयों के अतिरिक्त अंग्रेजी साहित्य, मनो विज्ञान, भूगोल, समाज शात्र, संस्कृत, कम्प्यूटर साइंस, बायो टेक्नोलॉजी, बी.कॉम इन रिटेल ऑपरेशन विषयो के साथ साथ बी एड पाठ्यक्रम कि सौगात मध्यप्रदेश शासन द्वारा गई है, साथ ही एम ए इतिहास, हिंदी साहित्य, एम एस सी गणित, प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, भौतिकी शास्त्र एवं , एम कॉम पाठ्यक्रम शासन स्तर पर प्रारंभ किये गए हैं । जिसका लाभ सभी विद्यार्थियों को मिलेगा। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा महाविद्यालय के कैम्पस विकास हेतु 40 लाख के अनुरक्षण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहा है। इसके साथ ही महाविद्यालय में अधोसंरचना विकास हेतु 578 लाख, वार्षिक आवर्ती व्यय हेतु 370 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है । महाविद्यालय में बस सेवा प्रारंभ की गई है, जिसमें किराया प्रति छात्र 1 रूपये निर्धारित किया गया है, जिसका लाभ भी विद्यार्थियों को मिलेगा। इसके साथ ही महाविद्यालय में नवीन 51 शैक्षणिक पद एवं 7 अशैक्षणिक पद स्वीकृत किये गए है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, प्रमोद गुप्ताव ओएसडी उच्चव शिक्षा विभाग , प्राचार्य सीबी सोधियां, डा एम एन स्वा मी, ज्ञानेन्द्रा सिंह गहरवार अध्यदक्ष एलुमिनी एसोसिएशन, शंभू लाल खटटर, राकेश शर्मा, प्रकाश पालीवाल, राजा तिवारी, योगेष खंडेलवाल, मनीष सिंह सहित महाविद्यालय की शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र छात्राएं उपस्थित रहें । कार्यक्रम का सफल संचालन संजीव शर्मा ने किया।

## बस सेवा का विधायक बांधवगढ, कलेक्टर ने किया शुभारंभ



**उमरिया।** जिला मुख्यालय के विभिन्न जगहों से महाविद्यालय आकर अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओ के लिए बस सेवा प्रारंभ की गई है, जिसका शुभारंभ विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह , कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत सहित अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर किया । महाविद्यालय प्राचार्य ने बताया कि यह बस उमरिया डाइट कोयलारी तिराहा, भरौला बाय पास, भरौली कछरवार बाय पास, पिपरिया कालरी, चपहा कालरी, घंघरी नाका तथा बस स्टैंड , खलेसर नाका , गांधी चौराहा , जय स्तंभ से छात्रों को बस में बैठायेगी तथा उसी स्थान पर वापस छोडने का कार्य करेगी । बस के लिए किराया 1 रूपये प्रति छात्र निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र सिंह गहरवार अध्यक्ष एलुमिनी एसोसिएशन, शंभू लाल खटटर, राकेश शर्मा, प्रकाश पालीवाल, राजा तिवारी, मनीष सिंह, योगेष खंडेलवाल सहित महाविद्यालय की शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें ।

## विद्या वन का फीता काटकर किया शुभारंभ, रोपित किए पौध



**उमरिया।** जिला मुख्यालय के शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय के प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीौलेंस के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने फीता काटकर विद्या वन का शुभारंभ किया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित शिक्षक, शिक्षिकाओ, छात्र छात्राओं ने फलदार पौधों का रोपण किया एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया ।

## 119732 पौध रोपित किए गए, व्यापारी संगठन आगे आये, आज भी चलेगा अभियान

**उमरिया।** प्रदेश शासन के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत 6 जुलाई को की गई है । अभियान के तहत स्विंय सेवी संस्थाएं, मीडिया कर्मियां, जिला प्रमुख अधिकारी, व्यापारी संगठन आगें आकर पौध रोपित कर रहे है एवं उसकी सुरक्षा का संकल्प ले रहे है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला प्रमुख अधिकारियों व्दारा 189450 लक्ष्य में से 61437 पौधों का रोपण किया गया है ।इसी तरह जनपद पंचायत करकेली, मानपुर तथा पाली एवं नगरीय क्षेत्रों में 80 हजार लक्ष्य में से 58295 पौध रोपित किए गए । यह अभियान 15 जुलाई तक अनवरत जारी रहेगा । जिसमें समाज के सभी वर्गों का सहयोग मिल रहा है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम आज

**उमरिया।** उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सामाजिक विभाग राजीव गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत मानपुर तथा जनपद पंचायत पाली में सामूहिक सम्मेलन कार्यक्रम 15 जुलाई को आयोजित किया गया है। जिसमें बडी संख्या में जोडों का विवाह रीति रिवाज के साथ संपन्न होगा। इसकी व्यापक तैयारी की गई है।

## होटलों में परोसी जा रही गंदगी, खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**कोतमा।** नगर सहित तहसील के अंतर्गत संचालित होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट मे खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। होटल में खुलेआम जनमानस को गंदगी परोसी जा रही है, इससे मानव जीवन मे संकट उत्पन्न होने का खतरा सताता रहता है। जहां एक ओर मध्यप्रदेश की सरकार द्वारा अभियान चलाकर मिलावटखोर व शासन के खाद्य व सुरक्षा विभाग के नियमो का पालन न करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। वहीं नगर सहित क्षेत्र मे गंदगी के बीच व्यवसाय करने वालो के ऊपर खुलेआम खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारियों की कृपा दृष्टि बरस रही है। जहां एक ओर सरकार द्वारा अनेक हानिकारक कलर केमिकल जैसी अनेक चीजों को प्रतिबंधित किया गया फिर भी यहां खाने-पीने की वस्तु में परोसा जा रहा है और आम जनमानस के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस समय बारिस का मौसम चल रहा है ऐसे में होटल संचालकों द्वारा खाने पीने की सामग्री, पेय पदार्थ व आलूबंडा, चाट, फुल्की, मिठाई, लड्डू व खाने पीने की चीजो में मक्खियाँ भिनभिनाती रहती है। अनेक होटलो में गंदगी का बोलबाला है सफाई के अभाव के चलते गंदगी व्याप्त है अनेक जगहों पर न तो ढंग से बर्तन साफ किए जाते न ही साफ सफाई का ध्यान रखा जाता है। नागरिकों ने जिला कलेक्टर से मिलकर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## प्रतिभा निखारने का सीसीसीएल बना पहला प्लेटफार्म



**राजेन्द्रग्राम।** 13 जुलाई को शासकीय मॉडल सी.एम. राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुष्पराजगढ़ में सीसीएलई (सतत व्यापक एवं अधिगम मूल्यांकन) अन्तर्गत 'आशु भाषण' विधा में विद्यालय के कक्षा 9 से 12 तक सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आशु भाषण के समसामयिक विषय-पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, समय प्रबंधन, हमारा विद्यालय, मिसाईल मैन अब्दुल कलाम, विषय पर सभी बच्चों ने धारा प्रवाह तत्कालिक भाषण दिया। बच्चों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के लिए सी.सी.एल.ई. कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन का अभिनव पहल है। आशु भाषण के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी बच्चों के द्वारा दी गई जो प्रसंशनीय रहा। उक्त कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का भी सराहनीय योगदान रहा। सतत व्यापक अधिगम मूल्यांकन सी.सी.एल.ई. कार्यक्रम के समापन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य आर. एस. सिंह धुर्वे द्वारा अपने उद्बोधन में प्रतिभागी बच्चों का प्रसंशा करते बधाई दिया व सी.सी.एल.ई. कार्यक्रम के महत्व प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा अपनी अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखारने एवं व्यक्तित्व उन्नयन करने के लिए सी.सी.एल.ई. प्लेटफॉर्म सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। सी.सी.एल.ई. कार्यक्रम में प्रथम स्थान सीमा मारपे, द्वितीय स्थान में पुष्प जायसवाल एवं तृतीय स्थान भरत लाल चंद्रवंशी द्वारा अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया तीनों चयनित प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ के द्वारा कप देकर सम्मानित किया गया।

## एक दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन




**अमरकंटक।** माँ नर्मदा उद्गम तट पर स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अमरकंटक, जिला अनूपपुर (म.प्र.) में नवोदय विद्यालय समिति क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 13 जुलाई को प्रातः 9 बजे विद्यालय सभागार में प्राचार्य डॉ. एस.के. राय की उपस्थिति तथा अध्यक्षता में "नागरिकता की नींव" एक दिवसीय शिक्षक- प्रशिक्षण कार्यक्रम" का आयोजन 'विवेकानंद मूल्य शिक्षा संस्थान-रामकृष्ण मिशन गुरूग्राम' के सौजन्य से आयोजित किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रधान डॉ. एस.के. राय, प्रमुख प्रशिक्षक रमेश द्विवेदी एवं प्रशिक्षक राहुल एवं प्रतीक द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य डॉ. एस.के. राय, विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉ. ए.के. शुक्ला एवं डी.एस. सेंगर द्वारा अतिथिगण को शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओ द्वारा शेख वाहिद के मार्गदर्शन में सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं राजस्थानी लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर समस्त छात्र-छात्रा एवं शिक्षकगण तथा प्रतिभागी शिक्षकगण उपस्थित थे। प्राचार्य द्वारा स्वागत संबोधन में कहा गया कि नवोदय विद्यालय समिति के निर्देशानुसार बिलासपुर संकुल के विभिन्न विद्यालयों से 42 शिक्षको को इस प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया है। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे कार्यक्रम से अधिकाधिक सीखने का प्रयास करें एवं छात्र-छात्राओ को लाभान्वित करे। मुख्य प्रशिक्षक रमेश द्विवेदी ने कहा कि हम सबको विवेकानंद जी के जीवन से प्रेरणा लेकर चरित्र निर्माण पर बल देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एस के सोनी एवं आर.के. झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर वरिष्ठ शिक्षक डॉ. ए.के. शुक्ला द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**बदरा/जमुना।** सीटू के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर आंगनबाड़ी जिला समिति अनूपपुर के द्वारा मुख्यमंत्री एवं महिला बाल विकास मंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया तहसीलदार के माध्यम से कामरेड अफसाना बेगम ने बताया कि उमा सोनी को 6 माह से पेमेंट नही मिला वहीं बेला बाई एक वर्ष से पेमेंट नहीं मिला है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका से काम तो सरकार के द्वारा लिया जाता लेकिन देने के नाम से सरकार के पास कोई योजना नहीं होती है। कामरेड संध्या शुक्ला ने बताया कि सरकार हम महिलाओं का शोषण कर रहीं हैं कामरेड दलवीर ने कहा कि केंद्र व राज्य में बैठी सरकार मजदूर विरोधी किसान विरोधी नौजवान छात्र महिला विरोधी है। जिले मे हाथियों के द्वारा गांव में घर का क्षति हुई है उसका मुआवजा दिया जाये कामरेड दिलीप चौधरी ने बताया कि सरकार महिलाओं के साथ अत्याचार कर रही है वही मजदूरों को गुलाम बनाने वाली नितियो को लागू करने के लिए प्रयासरत हैं। इंद्रपती सिंह जिला महासचिव ने बताया कि हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों के बाद एनडीए के रूप में गठित केंद्र सरकार ने अपने गठन के साथ 100 दिन की जो कार्य योजना बनाई है उसमें देश के मजदूरों को गुलाम बनाने वाली श्रम संहिताओं को लागू करने की है। गत 20 जून 2024 को केंद्र सरकार के श्रम मंत्रालय ने सभी प्रदेशों के श्रम सचिवों तथा श्रम आयुक्तों की बैठक कर चार श्रम संहिताओं को लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। आजादी के पहले और बाद में मजदूरों के संघर्षों और कुर्बानियों से बने 44 श्रम कानूनों में से 29 श्रम कानूनों को चार मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं (लेबर कोड) में बदल दिया गया है। इससे 74% मजदूर सामाजिक सुरक्षा व 70% उद्योग श्रम कानूनों के दायरे से बाहर हो जाएंगे। इन चार लेबर कोड्स में हड़ताल करने पर मजदूरों हेतु सख्त सजाओं का प्रावधान किया गया हैकेंद्र सरकार ने फिक्स्ड टर्म रोजगार की अधिसूचना पहले ही जारी कर दी है, जिससे मजदूर नियमित रोजगार से वंचित हो जाएंगे । मजदूरों के काम के घंटे को 8 से बढ़ाकर 12 घंटे करने की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। यह सरकार नेशनल मोनेटाइजेशन पाइपलाइन, कोयला में एमडीओ रिवेन्यू शेयरिंग मॉडल तथा अन्य तरीकों से सार्वजनिक क्षेत्र के निजीकरण के लिए तेजी से कदम बढ़ा रही है। देश में संभवत पहला मामला है जहां मध्य प्रदेश के अंदर कानूनी रूप से न्यूनतम वेतन पुनरीक्षण के लिए निर्धारित 5 वर्ष के अंतराल के बाद होने वाले पुनरीक्षण को 9 वर्ष के बाद तमाम काट छांट करने के बाद लागू किया गया। केवल एक महीने मई 2024 के वेतन में यह मिला था तथा उसके बाद उच्च न्यायालय इंदौर खंडपीठ द्वारा जारी स्थगन आदेश के बहाने 24 मई को श्रम आयुक्त मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी किए गए इस आदेश से बढ़े हुए वेतन को भी वापस ले लिया गया। इससे न सिर्फ यह वेतन वृद्धि छीन गई बल्कि मई 2024 में बढ़ी हुई राशि को भी वापस जबरन वसूली करने का अधिकार तमाम कारखाना मालिकों को मिल गया। श्री सिंह ने बताया कि इन कारगुजारीयो के चलते न्यूनतम वेतन कानून के दायरे में आने वाले मध्य प्रदेश के 25 लाख से ज्यादा श्रमिक कर्मचारियों में कुशल को 1625 रुपए, अर्ध कुशल को 1764 रुपए, कुशल को 2109 रुपए तथा अति कुशल को 2434 रुपए मासिक कटौती झेलनी पड़ रही है।

## लैब टेक्नीशियन ने की सीएचएमओ से शिष्टाचार भेंट



**कोतमा।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री टीबी उन्मूलन कार्यक्रम का संचालन सम्पूर्ण भारत मे संचालित है। जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन व जिला क्षय अधिकारी डॉ एससी राय के नेतृत्व में टीबी उन्मूलन का कार्य सफलता पूर्वक हो रहा है। कोतमा ब्लॉक स्तर पर टीबी उन्मूलन कार्य से सम्बंधित जानकारी कोतमा डीएमसी लैब टेक्नीशियन मो. हनीफ खान द्वारा पुष्प गुच्छ देकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ए के अवधिया से एक सामान्य व शिष्टाचार मुलाकात कर अवगत कराया। कोतमा ब्लॉक में हों रहे टीबी जांच की जानकारी दी। टार्गेट व टीबी नोटिफिकेशन की जानकारी दी। कोतमा ब्लॉक एसटीएस व एसटीएलएस कु.ज्योति गुप्ता द्वारा मिलने वाली सहयोग से भी अवगत कराया। सकारात्मक प्रतिक्रिया के साथ सीएचएमओ द्वारा जांच की संख्या और टीबी नोटिफिकेशन बढ़ाने व सावधानी पूर्वक मास्क व गलप्स के साथ जांच लगाने का निर्देश दिया गया। मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करने का सलाह दी।

## समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन नीति जारी

**उमरिया।** भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द उपार्जन नीति जारी की गई है जिसके अनुसार मूंग फसल उपार्जन हेतु उत्पादकता का निर्धारण किया गया है। ग्रीष्मकालीन मूंग फसल की उत्पादकता को अधिकतम 12 क्विंटल प्रति हेक्टर तक सीमित करते हुए उपार्जन किया जायें अर्थात विंगत वर्षो के मूंग उपार्जन संबंधी जिलों की औसत उत्पादकता संलग्न परिशिष्ट-01 में जिन जिलों की मूंग की उत्पादकता 12 क्विंटल से अधिक है वहा मूंग का उपार्जन 12 क्विंटल प्रति हेक्टयर तक मानते हुए किया जावें तथा शेष जिलों के लिए 12 क्विंटल से कम है वहाँ संलग्न परिशिष्ट-01 अनुसार रहेगी तथा प्रति कृषक मूंग विक्रय की अधिकतम सीमा 100 क्विंटल निर्धारित की जावें।

## नियम- कायदे सब हवा- सीएचसी धनपुरी के डॉक्टर की कमाई का अनूठा फार्मूला

# खास लैब में मिलती है खास दवा

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को मिलने वाली सैलरी से लगता है कि पेट नहीं भरता या अनाप शनाप खर्चा बढ गया है शायद इसीलिए उन्होंने एक नया फंडा अपनाया है।**

धनपुरी।




सामुदायिक केंद्र में पहुंचने वाले मरीजो को हॉस्पिटल से आधा किलोमीटर की दूरी पर स्थल पैथालाजी लैव से दवा लाने का फरमान एक कागज की चिट देकर जारी किया जाता है।स्थानीय निवासियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर के मनमानी की चर्चा करते हुए बताया कि मरीज अगर चिन्हित दुकान से ना लाकर अगर अन्य दुकानों से दवा लाते हैं तो उस दवा को कम सरदार या नकली बताकर वापस कर दिया जाता है और उसी दुकान से लाने को कहा जाता है।पैथॉलाजी लैब यानी डाक्टर द्वारा चिन्हित दवा दुकान सिर्फ और सिर्फ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर को ही मालूम है कि लैब में दवाईयां मिलती है, जबकि वार्ड नंबर 17 के वार्ड वासियों को मालूम है कि इस लैव में दवा देखने को नहीं मिलती फिर भी डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाइयां लेने चिट धारी मरीजों की लाइन कुछ महीनों से देखने को मिल रही है। लैव में दवा चिट के अनुसार ही रखें जाते हैं।जिला स्वास्थ्य अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपुरी पदस्थ डॉक्टर व्यवहार से भली भांति परिचित है इसके पहले बाउंड्रीवाल को लेकर शिकवा शिकायत होने के बाद भी अपनी बात पर अड़े रहे। वहीं इन दिनों चर्चा है कि चिन्हित स्थल लैव पैथोलॉजी से ही मरीज को चिट में लिखकर देते हैं फलां जगह से दवा लेकर आए डॉक्टर के द्वारा चिन्हित लैव से ही मरीजों को दवा लेने को मजबूर किया जाता है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टर की इस परंपरा को लेकर नगर के दवा संचालक परेशान व आक्रोशित देखे जा रहे हैं। मरीजों को दवा लाने शासकीय डॉक्टर अपने हैंडराइटिंग से लिखे चिट से यह साबित करता है कि व्यक्तिगत एक व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की गरज से मरीजों परेशान कर रहे हैं।

## पाली ब्लॉक में गांवों के नाम से कियोस्क सेंटर

### शहर में संचालित कर रहे मोटी कमाई

**ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को पैसे निकालने के लिए आना पड़ रहा है शहर**

**पाली सेंट्रल बैंक मैंनेजर के संरक्षण में गाँव की जगह शहर में चला रहे कियोस्क सेंटर संचालक**

बिरसिंहपुर पाली।





पाली ब्लॉक में ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उनके ही गांव में बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कियोस्क बैंक संचालित की गई है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को गांव में ही बैंक की सुविधाओं का लाभ मिल सके, लेकिन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच बिरसिंहपुर पाली के कियोस्क सेंटर जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों की लोकेसन पर संचालित करने के लिए कियोस्क सेंटर जनता की सुविधा के लिए शाशन ऐसी तमाम योजनाओं को लागू की है लेकिन पाली क्षेत्र में गावों कियोस्क संचालित करने की बजाय पाली के शहरी क्षेत्र में संचालित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को पेंशन से लेकर कई सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए गरीब मजदूरों को बस,आटो,का सहारा लेकिन किराया देकर शहर आना पड़ता है। ऐसे में उनको समय और धन दोनों का नुकसान हो रहा है, जबकि इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाने की मंसा थी जो पूरी होती नहीं दिखाई दे रही है।

### पेंशनधारियों को होती है अधिक परेशानी

नगर में संचालित हो रहे बैंक ऑफ इंडिया के कियोस्क सेंटरों पर कई किमी का सफर तय कर ग्रामीण उपभोक्ता और पेंशनर्स आते हैं। ग्रामीण अंचलों के पेंशनधारियों को कियोस्क सेंटरों तक पहुंचने के लिए किराया खर्च करना पड़ता है। बुजुर्ग पेंशनधारी को माह में मिलने वाली 150 रुपए की पेंशन के लिए 20 से 30 रुपए किराए में खर्च करने के बाद 150 रुपए की पेंशन इन कियोस्क सेंटरों से मिलती है, जबकि कियोस्क सेंटर उन्हीं के गांव में संचालित होना चाहिए था। जिन ग्रामीण क्षेत्र के लिए यह कियोस्क बैंक द्वारा चालू किए गए हैं वह निर्धारित ग्राम पंचायत में कभी संचालित किए ही नहीं गए। जिस कारण से ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बैंक सेवाओं का लाभ लेने के लिए गांव से चलकर कस्बे में आना पड़ रहा हैं।बैंकों द्वारा संचालित कियोस्क सेंटरों का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में अनुबंध के तहत होता है। इसके चलते बैंक और संचालक ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेंशन सहित अन्य शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन करते हैं। नियमानुसार कियोस्क सेंटरों को अपने अनुबंध वाली जगह पर ही संचालित किया जाना चाहिए।*कियोस्क का ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा फायदा*बैंकों द्वारा ग्राहक सुविधा केंद्र (कियोस्क बैंक) दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे कि कियोस्क सेंटरों के माध्यम से ग्रामीणजनों को पैसों का लेन-देन जनधन खाते, प्रधानमंत्री बीमा योजना, बचत खाते जैसी सुविधा उनके ही गांव में ही उपलब्ध हो सके। जिन गांवों में बैंक सुविधा नहीं है, वहां के ग्रामीणों को उन्हीं के गांव में आसानी से बैंक की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है, लेकिन बैंक ऑफ इंडिया के अधिकतर कियोस्क सेंटर नगरीय क्षेत्र में खुलने से ग्रामीण जनों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।



## एक्यूप्रेशर शिविर में 105 मरीजों का निशुल्क इलाज किया गया

**बुढार।** रविवार को भारत विकास परिषद इकाई के तत्वावधान में आयोजित निशुल्क एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का आयोजन सिंधी गुरुद्वारा में किया गया जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से आयें हुए 105 मरीजों का निशुल्क इलाज एवं डॉ जयसिंह तनेजा के द्वारा चिकित्सीय परामर्श दिया।

**श्री फल से किया सम्मानित –** एक्यूप्रेशर चिकित्सक जयसिंह तनेजा एवं उनके सहयोगियों का पुष्पेन्द्र ताम्रकार के द्वारा श्री फल स्मृति चिन्ह भेंट कर उनको सम्मानित किया। एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ जय सिंह तनेजा के द्वारा भारतीय एक्यूप्रेशर पद्धति से लकवा, साइटिका,सवाईकल, घुटने में दर्द, एड़ी में दर्द,माइग्रेन, नसों से संबंधित सभी रोग का एक्यूप्रेशर विधिः से निशुल्क इलाज किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी पुष्पेन्द्र ताम्रकार का सराहनीय सहयोग रहा साथ ही भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एस पी शर्मा, सत्य प्रकाश सेठिया कन्हैया लाल कुशवाहा,रवि गुप्ता, अजय तोदी,अजय गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## ग्राम पंचायत मलहदु सरपंच पूजा सिंह ने किया सैकड़ों फलदार पौधे का वृक्षारोपण





**एक पेड़ मां के नाम लगाकर प्रदेश को बनाए हरा-भराः-सरपंच पूजा सिंह**

बिरसिंहपुर पाली।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवाहन पर पूरे मध्यप्रदेश एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसको लेकर आज उमरिया जिले के कलेक्टर के निर्देश में जिला पंचायत सीईओ के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत पालीके ग्राम पंचायत मलहदु सरपंच सचिव ने सभी ग्राम पंचायत के लोगो की उपस्थिति में सैकड़ो फलदार पौधों का रोपण किया है। जिसमे मुख्य रूप से आम, आंवला, , गुलमोहर नींबू,पपीता,जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाते हुए पौधे को सुरक्षित एवं संरक्षित करने का संकल्प दिलायासरपंच पूजा सिंह ने कह पौधों को लगाकर प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान सुनिश्चित किया जब लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को हर दिन एक वृक्ष लगाना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित होगा एवं लोगों को भरपूर ऑक्सीजन प्राप्त होगी अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव नरेश बैगा,रोजगार सहायक अभिषेक शुक्ला,सहित सैकड़ों लोग रहे उपस्थित।

### मुक्तिधाम में आबकारी विभाग व ठेकेदार ने किया सैकड़ो फलदार पौधे का वृक्षारोपण

**बिरसिंहपुर पाली।** ठेकेदार रुकेश सिंह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवाहन पर पूरे मध्यप्रदेश एक पेड़ मां के नाम अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसको लेकर आज उमरिया जिले के कलेक्टर के निर्देश में जिला आबाकरी अधिकारी गोपाल सिंह राठौर के मार्गदर्शन में बिरसिंहपुर पाली के मुक्तिधाम में आबकारी बिभाग एवम ठेकेदार की उपस्थिति में सैकड़ो फलदार पौधों का रोपण किया है। जिसमे मुख्य रूप से आम, आंवला, , गुलमोहर नींबू,पपीता,जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाते हुए आबकारी व पाली शराब ठेकेदार ने पर्यावरण की सुरक्षा का संकल्प लिया। जिला आबकारी अधिकारी गोपाल सिंह राठौर के नेतृत्व में आबकारी अमले ठेकेदारो ने पौधों को लगाकर प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान सुनिश्चित किया जब लोगों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी को हर दिन एक वृक्ष लगाना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित होगा एवं लोगों को भरपूर ऑक्सीजन प्राप्त होगी इस दौरान मुख्य रूप से आबकारी विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी सहित ठेकेदार मौजूद रहे।

## छात्रावास पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

उमरिया।



पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहडोल संभाग कमिश्नर बीएस जामोद व कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली आयोजित कर सीनियर उत्कृष्ट जनजातीय बालिका छात्रावास परिसर बिरसिंहपुर पाली में पाली पुलिस थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, उप निरीक्षक संतोष झरिया, कन्या छात्रावास अधीक्षिका अर्चना सिंह, पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी की उपस्थिति में 60 फलदार,छायादार व औषधि पौधे लगाकर पौधारोपण कर पौधों के संरक्षण के उद्देश्य एवं पौधों को वृक्ष बनाने के उद्देश्य से ट्री गार्ड भी लगाकर व वायुदूत ऐप पर अपलोड किया। उपस्थित सभी छात्राओं ने पौधारोपण के साथ संकल्प लेते हुए कहा कि इन्हें वृक्ष का रूप प्रदान करने की जिम्मेदारी हम लेते हैं।

पुलिस पाली थाना प्रभारी मदनलाल मारवी ने कहा कि पेड़ों की संख्या कम होने पर वातावरण में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। मानव जीवन के लिए जल एवं वायु दोनों आवश्यक है।पौधरोपण आज की आवश्यकता है। एक पेड़ मां के नाम अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि इस अभियान को जनता ने पूरे उत्साह के साथ अपनाया है और यह अभियान लगातार एक नई हरित क्रान्ति का रूप ले रहा है।

कन्या छात्रावास अधीक्षिका अर्चना सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इसलिए इसकी सुरक्षा में ही हम सभी का जीवन है।प्राकृतिक संपदा का लगातार दोहन हो रहा है, इसलिए जरूरी है कि हम व्यापक स्तर पर इसका संरक्षण करना चाहिए।

पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने बताया कि पेड़ हमें ऑक्सीजन, फल, छाया और जीवन के अन्य अनेक आवश्यक तत्व प्रदान करते हैं। इसी प्रकार एक मां हमें अपने स्नेह, समर्थन और पोषण से जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करती है। पेड़ लगाने की इस पहल से हम अपने आस-पास के वातावरण को हरा-भरा बनाते हैं, जिससे पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलता है। जागरूकता रैली व पधारोपण के दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, राहुल सिंह, रुद्र प्रधान, जनजातिय छात्रावास छात्रा राधा सिंह, खुश्बू सिंह, देववती अगरिया,मधु बैगा,लक्ष्मी कोल,मुस्कान बैगा,काजल सिंह,करिश्मा बैगा, नीलम,संध्या बैगा,अंजली , लक्ष्मी कोल,मधु बैगा,वंदना सिंह,कीर्ति बैगा,प्रीति बैगा, सरस्वती कोल, लक्ष्मी देवी,स्नेहा सिंह,पूजा बैगा, लक्ष्मी रजक व सभी छात्राएं उपस्थित रही।

## हाकी फीडर सेंटर हेतु चयन प्रक्रिया आज

**उमरिया।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल तथा युवा कल्याण अधिकारी प्रतिपाल सिंह ने बताया कि हाकी फीडर सेंटर हेतु चयन प्रक्रिया 15 जुलाई को अमर शहीद स्टेडियम ग्राउण्ड में सुबह 8 बजे से आयोजित की गई है । भाग लेने हेतु खिलाडियो को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मूल निवासी, पासपोर्ट साइज की रंगीन फोटो के साथ नगर पालिका स्टेडियम एवं कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग मे पंजीयन करा सकते है । चयनित खिलाडियो को प्रतिदिन स्थानीय नगर पालिका स्टेडियम मे अभ्यास हेतु उपस्थित होना पडेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

## जेल में बंदियों को विधिक सहायता एवं नये कानून की जानकारी दी गई



**उमरिया।** जेल अधीक्षक डी.के. सारस ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमरिया के डिफेन्स काउन्सिल विजय राय,दिनकर तिवारी, गजराज सिंह, एवं साश्री पटेल द्वारा जैल मे परिरूद्ध 16 बंदियों के प्रकरण में उनके आपराधिक प्रकरण की जानकारी लेकर पैरवी करने तथा प्रकरण की वर्तमान स्थिति के बारे मे बंदियो को अवगत कराया गया। इस अवसर पर 1 जुलाई से लागू नया कानून भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, एवं भारतीय साक्ष्य नियम की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी अवगत कराया कि ऐसे गरीब बंदी जो अपने प्रकरण की पैरवी कराने मे असमर्थ है। जिनकी आर्थिक स्थिति परिवार की एवं स्वयं की अच्छी नहीं है। उन्हें विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता नियुक्त कराने के लिये आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी.के. सारस, एवं जेल में ड्यूटीरत अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जेलर / उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को एवं ड्यूटीरत प्रहरी द्वारा बंदियो को विधिक सहायता का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया गया।

**खबर संक्षेप**

### कलेक्टेट, जिला पंचायत, एसपी ऑफिस सहित छह परिसरों में पौधरोपण आज



**अनूपपुर।** एक पेंड़ माँ के नाम अभियान अंतर्गत कलेक्ट्रेट परिसर, जिला पंचायत परिसर, पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर, एवं जिला उद्योग कार्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं परिस्थितिकी तंत्र हेतु लगभग 500 पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम आज आयोजित किया गया है। उक्त कार्य हेतु संपूर्ण परिसर को छः सेक्टर में विभाजित किया जाकर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने बताया है कि कलेक्ट्रेट स्थित प्लॉट गार्डन के सामने, कलेक्टर कार्यालय के सामने, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने, कलेक्ट्रेट परिसर गैरेज एवं कोषालय के सामने, कलेक्ट्रेट परिसर पार्किंग एरिया प्रवेश द्वार के सामने, जिला पंचायत कार्यालय के पीछे एवं जी.एम.डी.आई.सी. कार्यालय के सामने आज प्रातः 9 बजे पौध रोपण शासकीय अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा किया जाएगा।

### जिले में 3.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 3.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र कोतमा में 10, वेंकटनगर में 3, पुष्पराजगढ़ में 8.6 तथा बेनीबारी में 3 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केन्द्र, अमरकंटक, जैतहरी, अनूपपुर, बिजुरी में वर्षा निरंक दर्ज की गई।

### दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

**रीवा।** जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में बीती रात दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई राड लाठी डंडे से किए गए हमले में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, वही घटना पुरानी रंजिश को लेकर बताई गई है , जिसके पीछे पूर्व में भी मारपीट हो चुकी है बीती रात इसी विवाद को लेकर एक बार फिर गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हुई और दोनों पक्ष आपस में भिड़ पड़े बताया गया कि सेमरिया के बीरखाम में रहने वाले ठाकुर दीन साकेत से अतुल साकेत का काफी समय पहले पानी को लेकर विवाद हो गया था इसी विवाद को लेकर अतुल साकेत एवं उसके साथियों ने मिलकर ठाकुरदिन के परिवार पर हमला कर दिया ,मारपीट की इस घटना में ठाकुर दिन सहित रजनीश साकेत विनय साकेत पवन साकेत गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वही इधर घटना में घायल हुए परिवार के द्वारा शाहपुर चौकी में मामला दर्ज कराया गया है बताया जा रहा है की मारपीट की इस घटना में दूसरे पक्ष को भी चोट आई है पूरे मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से जांच कर दोनों बच्चों की ओर से मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सुने मकान में चोरों ने बोला धावा

**रीवा।** जिले में चोरों ने इस समय धमा चौकड़ी मचा रखी है,और आए दिन चोरी की छोटी बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।लेकिन पुलिस लगभग हर मामले में अब तक खाली हाथ है ताजा मामला रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगांव पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम अटरिया मे जहां पुलिसकर्मी सुने आवास में घुसे अज्ञात चोरों ने तकरीबन एक लाख रुपए से ज्यादा की चोरी की वारदात अंजाम दिया है बताया गया है कि श्याम सुंदर तिवारी इंदौर पुलिस में पदस्थ है, और वही पूरे परिवार के साथ रहते हैं जब कि उनका मकान ग्रह ग्राम अटरिया में बना हुआ है जिसकी देखरेख उनके भाई कमलेश्वर तिवारी द्वारा की जाती है बताया गया है कि बीती रात्रि छत के रास्ते घर के अंदर घुसे अज्ञात चोरों ने बर्तन सहित अन्य सामान लेकर रफूचक्कर हो गए।

# 8 वर्षीय बालक को ट्रक ने कुचला गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क किया जाम

अनूपपुर



जिले की भालूमाडा थाना अंतर्गत पयारी क्रमांक 2 एवं निमहा गांव के मध्य रविवार की सुबह मोटर साइकिल से अपने गांव दारसागर जा रहे मोटर साइकिल सवार पर आमाडांड से भालूमाडा की ओर आ रहा एक बारह चक्का वाला ट्रक जो खड़ा रहा अचानक बैक करने के दौरान चपेट मे आने से घायल 8 वर्षीय बालक की उपचार दौरान जिला चिकित्सालय अनूपपुर में मौत हो जाने की सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा कार्यवाही की जा रही है। वहीं ट्रक को जप्त कर लिया गया है, जबकि चालक मौके से फरार होना बताया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार भालूमाडा थाना अंतर्गत दारसागर निवासी माखनलाल प्रजापति अपने 8 वर्षीय अनुराग को अपनी मोटरसाइकिल में निमहा गांव में कुछ काम करने के बाद रविवार की सुबह वापस आ रहा था तभी आमाडांड से भालूमाड़ा की ओर जा रहा था ट्रक सीजी 12 एस 6073 का चालक ट्रक को अचानक बैक कर रहा था तभी मोटर साइकिल बालक के चपेट में आने पर पिता ने निकाला लेकिन 8 वर्ष की बालक को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य प्राथमिक कोतमा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद बेहतर उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर ले जाने पर उपचार दौरान बालक की मौत हो जाने पर डियूटी डॉक्टर द्वारा जिला अस्पताल पुलिस चौकी से जाने पर पुलिस के द्वारा परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं पीएम कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपकर जांच प्रारंभ किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने ट्रक को रोक कर पुलिस को सौंपा, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया।



बालक की मौत के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने वाहन में तोड़फोड़ करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया और कालरी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। सुबह 7 बजे रोड जाम के बाद भी कई घंटे तक प्रशासन एवं कालरी प्रबंधन के जिम्मेदार मौके पर नही पहुंचे। 11 बजे प्रशासन एवं कालरी के जिम्मेदार लोगो के आने के बाद बातचीत हुई जिसमे परिजनो द्वारा नौकरी के साथ 10 लाख के मुआबजे की मांग की गई। कालरी द्वारा 1 लाख देने की बात कही जिसको लेकर देर शाम तक शव रखकर सड़क जाम रहा। आमाडांड खुली खदान से कोयला लोडकर गोविंदा साइडिंग जाता है जिसको लेकर कई बार ग्रामीणजनों के द्वारा धीमी गति से वाहन चलाने एवं सड़क मरम्मत की मांग की जा चुकी है। बेपरवाह कालरी के जिम्मेदार लोगो के द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही ना किए जानें के कारण उक्त घटना घटित हुई। घटना के बाद मौके पर एसडीएम अजीत तिर्की, एसडीओपी वीपी सिंह, तहसीलदार ईश्वर प्रधान, कालरी के डिप्टी जीएम, सब एरिया सहित अनुविभाग के कोतमा बिजुरी रामनगर, भालूमाड़ा, फुगना चौकी थाना प्रभारी व भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया।

# महाप्रबंधक के खिलाफ श्रमिक नेता लाल मन सिंह की न्यायिक विजय



**जमुना/बदरा।** एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र में लिपिक के पद पर कार्यरत लालमन सिंह के खिलाफ महाप्रबंधक ने राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर झूठी शिकायतों के आधार पर कार्रवाई की। 10 मई को जारी आरोप पत्र क्रमांक 109 के तहत लाल मन सिंह को नौकरी से बर्खास्त करने की योजना बनाई गई थी। लालमन सिंह ने इस अवैध कार्रवाई को जबलपुर उच्च न्यायालय में चुनौती दी। न्यायालय ने 21 मई को प्रबंधन की सभी कार्यवाहियों पर स्थगन आदेश जारी करते हुए सभी मूल दस्तावेजों को एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 31 मई को होनी थी, लेकिन अपरिहार्य कारणों से यह सुनवाई नहीं हो सकी और नई तारीख 31 जुलाई तय की गई। महाप्रबंधक की योजनाओं को विफल होते देख प्रबंधन ने उच्च न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए लीगल ओपिनियन का सहारा लिया और 25 जून को लालमन सिंह को पांच पद नीचे करने का आदेश जारी कर दिया। इस अन्यायपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ लालमन सिंह ने 1 जुलाई को वरिष्ठ अधिवक्ता के.सी. घिडियाल के माध्यम से कोड ऑफ कंटेम्प्ट का केस दायर किया। 10 जुलाई को हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय ने प्रबंधन की कार्रवाई पर स्थगन आदेश पारित किया और महाप्रबंधक हरजीत सिंह मदान, महाप्रबंधक संचालन अजय कुमार, उप क्षेत्रीय प्रबंधक और खान प्रबंधक जमुना 5/6 टी.ए. खान के खिलाफ नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया। जमुना कोतमा क्षेत्र के प्रबंधन का बदले की भावना से प्रेरित होकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करना चिंताजनक है। न्यायालय के आदेश का सम्मान देश के कानूनी ढांचे का मूलभूत सिद्धांत है, जिसे जमुना कोतमा क्षेत्र का प्रबंधन लगातार तोड़ रहा है। खदान में लागू नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए प्रबंधन कर्मचारियों को असुरक्षित कार्य स्थितियों के लिए विवश करता है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लालमन सिंह ने अपने संघर्ष को जारी रखते हुए क्षेत्र के सभी श्रमिकों से सहयोग की अपील की है उन्होंने सभी साथियों को हृदय से धन्यवाद देते हुए अन्याय और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया है। लालमन सिंह ने कहा कि तानाशाह और भ्रष्ट प्रबंधन के खिलाफ लड़ाई में एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वह अपने साथियों के साथ मिलकर इस लड़ाई को अंजाम तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## आरआरसी कार्यवाही के तहत बकायादार का टैक्टर कर्क



**अनूपपुर।** जिले में राजस्व बकायादारो से राशि की वसूली के तारतम्य में तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया राजेंद्रग्राम शाखा के बकायादार ग्राम बेलडोंगरी निवासी संदीप पिता रामबली जायसवाल से 5 लाख 26 हजार की आरआरसी वसूली के लिए बकायादार के ट्रैक्टर के कुर्की की कार्यवाही की गई है। अनुविभागीय दंडाधिकारी पुष्पराजगढ़ सुधाकर सिंह बघेल तथा तहसीलदार के द्वारा राजस्व वसूली के तहत बकायादार के विरुद्ध यह कार्यवाही की गई है।

# 75 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र में नाशपाती का किया गया पौधरोपण, कलेक्टर ने समीक्षा कर दिए निर्देश



**अनूपपुर।** जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक पैमाने पर किए जा रहे पौधारोपण तथा रोपे गए पौधे के साथ वायुदूत अंकुर एप पोर्टल पर फोटो अपलोड के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने सभी से पौधरोपण अभियान मे सहभागी बनने तथा वायुदूत एप में फोटो अपलोड करने का आग्रह किया है। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में उद्यान, पशुपालन, कृषि, सहकारिता, मत्स्य विभाग के पौधारोपण कार्य की समीक्षा के दौरान कही। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, उपायुक्त सहकारिता, उद्यान विभाग के सहायक संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक, उप संचालक कृषि, सहायक संचालक मत्स्य सहित सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से नाशपाती के पौधे के रोपण के संबंध में जानकारी ली। जिसमें बताया गया कि कुल 75 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र में नाशपाती के पौधरोपण का कार्य किया जाएगा, जिसमें से 35 हेक्टेयर भूमि क्षेत्र में वॉटरशेड के माध्यम से पौधरोपण किया जाएगा। कलेक्टर ने इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

## कलेक्टर ने ली विभिन्न जानकारी

कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बैगा समुदाय के हितग्राहियों को चिन्हित कर मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना अंतर्गत लाभान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के तहत पशुपालन से बैगा समुदाय के लोगों के जीवन में सकारात्मक परिणाम आएंगे। उन्होंने इस योजना के तहत लाभान्वित हितग्राहियों की सूची संग्रहित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से शिविरों के आयोजनों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि ग्रामों में जाकर शिविरों का आयोजन कर पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से पशुओं के कृत्रिम गभार्धान के संबंध में जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग से विकासखण्डवार खरीफ 2024 हेतु सुगंधित धान, कोदो-कुटकी की कतार बोनी, पूसा अरहर आदि के बोनी की प्रगति, रकबा, बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों से एनपीके खाद की उपलब्ता एवं वितरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को एनपीके खाद के उपयोग तथा फायदे से अवगत करा उन्हें एनपीके क्रय करने हेतु प्रोत्साहित व प्रेरित करे। बैठक में कलेक्टर ने मत्स्य विभाग के संचालित योजनाओं की समीक्षा के दौरान मत्स्य उत्पादन हेतु अमृत सरोवर तालाबों के जारी किए जाने वाले पट्टे के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने केज कल्चर गतिविधि के संचालन तथा मत्स्य बीज के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# तुलसी महाविद्यालय को पीएम श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय का मिला दर्जा

***शिक्षा के क्षेत्र में सरकार स्थापित कर रही नए आयाम-दिलीप जायसवाल***

***प्रोटोकाल का हुआ उल्लंघन, नहीं बुलाया गया जिला पंचायत अध्यक्ष को***



**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय स्थित शासकीय तुलसी महाविद्यालय के पीएमश्री उत्कृष्ट महाविद्यालय के रूप में उन्नयन से उच्च शिक्षा के लिए सभी संकायों में अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी। केंद्र और राज्य सरकार सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है हमारी डबल इंजन की सरकार द्वारा शिक्षा, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य के लिए नए आयाम स्थापित करने लगातार कार्य किए जा रहे है। रविवार को प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्रधानमंत्री श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय के उन्नयन शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि के आसंदी से संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वहीं कार्यक्रम महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पर प्रोटोकाल का पालक नहीं करने का आरोप लगाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ने तुलसी महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर आशीष वशिष्ठ से इसकी शिकायत की हैं।

कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मंत्री व अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक बिसाहू लाल सिंह, राज्य कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामलाल रौतेल, तुलसी महाविद्यालय जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार, अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इरशाद मंसूरी, एसडीएम अनूपपुर दीपशिखा भगत, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने कहा की केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के लिए संकायों के उन्नयन के साथ ही अधोसंरचना विकास के कार्य किए जा रहे हैं जिससे विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य प्राप्ति में सुविधा होगी उन्होंने कहा कि हर जिला मुख्यालय में पीपीपी मोड में मेडिकल कॉलेज खोलने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक के सभी प्रकल्प खुले तथा जिले में यह सुविधा विकसित हो इसके लिए भी सार्थक प्रयास किए जाएंगे। विधानसभा के पहले सत्र में निर्णय लेकर पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय से शहडोल संभाग के सभी जिलों के शासकीय कॉलेजों को सम्बध्द किए जाने का कार्य किया गया है। पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय को उषा किरण योजना के तहत अधो संरचना विकास तथा कौशल विकास के लिए 26 करोड रुपए की राशि प्रदान की गई है। स्व. अटल बिहारी बाजपेई के प्रधानमंत्री काल में गांव को पक्की सड़क से जोड़ने के लिए पीएमजीएसवाई के तहत सड़क बनाने का कार्य किया गया है जिससे गांव की समृद्धि के साथ ही विद्यार्थियों को सहजता से शिक्षा प्राप्त करने के लिए शहरों-नगरों से जुड़ने के रास्ते खुले हैं उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न जनहितैसी कार्यों की भी जानकारी दी।



## महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने जनप्रतिनिधियों का किया अपमान

शासकीय तुलसी महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य जीके संत ने प्रधानमंत्री श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय के उन्नयन शुभारंभ अवसर पर आयोजित समारोह में चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष व उपाध्याक्ष को कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया। इतना ही नहीं प्रभारी प्राचार्य ने नगर के गणमान्यय लोगो के साथ पत्रकारों से भी दूरी बना कर चले। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने अपमान पर तुलसी महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष व कलेक्टर आशीष वशिष्ठ से इसकी शिकायत करते हुए इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया और उचित कार्यवाही करने की बात कहीं। प्रभारी प्राचार्य ने सत्ता दल की जिला पंचायत उपाध्यक्ष को भी बुलाना उचित नहीं समझा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मंत्री व पार्टी के लोगो के साथ कार्यक्रम में जरूर पहुंची।

## महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ का मंत्री ने किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के प्रथम तल में स्थापित किए गए भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ का कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित थे।

### इनका कहना है

प्रोटोकाल के तहत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को न बुलाना ये पूर्णत शासन के नियमों का उल्लंघन है जिसकी लिखित शिकायत मैने कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ को दिया है ये पूरी तरह से राजनैतिक द्धश रखकर किया गया है।

**श्रीमति प्रीति रमेश सिंह**
जिला पंचायत अध्यक्ष अनूपपुर



# शिव मारूति युवा संगठन ने किया वृक्षारोपण

**अनूपपुर।** शनिवार को शिव मारुति युवा संगठन अनूपपुर द्वारा ग्रीन इंडिया मिशन की मुहिम के तहत सांसे हो रही है कम आओ मिलकर पेड़ लगाए हम की थीम पर मुक्तिधाम में पीपल, बरगद, आम, अमरूद, शीशम, कुंभी, गरुण, हर्रा, भेलमा, आंवला, शमी, नीम, कंजी, अशोक, कैमा, सोन पाठा, जामुन, नीबू इत्यादि के 101 पौधे लगाए गए हैं, पौधों की सुरक्षा के लिए ग्रीन नेट के ट्री गार्ड की व्यवस्था बनाई गई है साथ ही उनके पेड़ बनने तक उनकी देखरेख का संकल्प लिया गया। लगातार विकास के नाम पर लगातार पेड़ो की कटाई चल रही है हालात ये है कि इस वर्ष तापमान की वृद्धि में अब तक के पूर्व के सारे रिकॉर्ड टूट गये हम इन पेड़ों की कटाई को रोक तो नही सकते लेकिन हम ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर वातावरण को रहने लायक बना सकते है। शिव मारुति युवा संगठन के इस मुहिम जन जागरूकता लाते हुए अनूपपुर जिले को ग्रीन इंडिया ग्रीन अनूपपुर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत है। और अपने आसपास भी ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण कर इस नेक कार्य को अपनाने की अपील भी किए। इस अवसर पर शिव मारूति युवा संगठन के युवा कार्यकर्ताओ के साथ स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी ली।

# बेखौफ चोरों ने की चोरी पुलिस की पकड़ से कोसों दूर



**जमुना/बदरा।** ग्राम पंचायत जमुनिया के सांसद प्रतिनिधि के यहां रात्रि को घर का ताला तोड़कर घर के आंगन में रखें ट्रैक्टर का नागर (कल्टीवेटर) को किया पार ग्राम पंचायत जमुनिया जो की शहडोल संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत शुक्ला का गृह ग्राम है जहां विगत 8 जुलाई की रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर आंगन में रखें ट्रैक्टर के नागर (कल्टीवेटर) को चुरा लेने की घटना घटी। जिसकी अनुमानित कीमत 25 हजार रुपए है जिसका रिपोर्ट थाना कोतमा में दर्ज कर दी गई थी किंतु आज दिनांक तक उन अज्ञात चोरों का पता नहीं चल सका है जिसके कारण काश्तकार, कृषि कार्य करने में अक्षम है एवं उसे लाखों रुपए का नुकसान सहन करना पड़ रहा है जैसा की गांव एवं गांव के आसपास के चोरों द्वारा ऐसी घटनाओं को कई बार अंजाम दिया जा चुका है ऐसे आदतन चोरों का रिकॉर्ड थाने में दर्ज है यदि उनसे सख्ती से पूछताछ किया जाए तो निश्चित ही उनका एक दिन में पर्दा फाश हो जाएगा और चोर पकड़े जाएंगे ऐसा श्री शुक्ला का थाना प्रभारी से अनुरोध है की चोर को जल्द से जल्द पकड़ा जाए ताकि आम आदमी अमन चैन की जिंदगी गुजर बसर कर सके।

# नगर पालिका परिषद पसान में वृक्षारोपण अभियान, 1800 पौधे लगाए गए

**बदरा/जमुना।** नगर पालिका परिषद पसान में पिछले 10 दिनों से चल रहे वृक्षारोपण अभियान के तहत लगभग 1800 पौधे लगाए गए हैं राम अवध सिंह के नेतृत्व में इस अभियान में नेता गण और जन प्रतिनिधि अपनी माताओं के नाम से पौधे लगा रहे हैं, जिससे इस अभियान को और भी विशेष और भावनात्मक महत्व मिला है। पौधारोपण अभियान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया गया, जिसमें एमआरएफ केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल हैं इस प्रयास का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और नगर के हरित क्षेत्र को बढ़ावा देना है। नगर पालिका परिषद के इस प्रयास को नगरवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपनी माताओं के नाम से पौधे लगाकर इस पहल को और भी खास बना रहे हैं। इस अभियान के तहत लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण के लिए भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है नगर पालिका परिषद ने पौधों की नियमित देखभाल और सिंचाई की व्यवस्था की है, ताकि ये पौधे जल्द से जल्द पेड़ों के रूप में विकसित हो सकें और पर्यावरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। नगर पालिका परिषद पसान के इस अभियान से अन्य नगर पालिकाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाने के लिए प्रेरित होंगी पौधा रोपण के दौरान राम अवध सिंह के साथ मिंटू सिंह, डॉक्टर साहब, उमेश त्रिपाठी, विकास जायसवाल, अविनाश मरकाम, कैसर अली, विकास सिंह, संजय त्रिपाठी, मोहम्मद कलाम, संतोष चौरसिया, सुरेश शर्मा, दिवाकर विश्वकर्मा, चंदन केवट आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे सभी ने पेड़ लगाए।

# मंत्री दिलीप जायसवाल ने 15 हजार पौधो का रोपण कर किया शुभारंभ



**अनूपपुर।** प्रधानमंत्री के आव्हान पर राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाए जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम के तहत जिले में वृहद पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में वन मंडल अनूपपुर द्वारा वन सर्कल वेंकटनगर के बीट पोड़ी के 30 हेक्टेयर वन क्षेत्र में 15 हजार पौधों के रोपण कार्य का शुभारंभ मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल द्वारा पौधारोपण कर किया गया। वन विभाग के पौधारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवार, वनमंडलाधिकारी श्रद्धा पेन्द्रे, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष रामदास पुरी, मनोज द्विवेदी, प्रेमचंद यादव, हनुमान गर्ग, ग्राम पंचायत लहसुना की सरपंच श्रीमती रामवती सिंह जनपद जैतहरी की सदस्य राजकुमारी तथा स्थानीय नागरिकों, शासकीय सेवकों, वन कर्मियों द्वारा पौधारोपण कर कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कराई गई। ग्राम पोड़ी के कपरिया वन क्षेत्र में आंवला,बहेड़ा, हर्रा, सिरस, जामुन, अर्जुन, खमहार, करंज काला शीशम, सागौन, चिरौल, बांस के पौधों का रोपण किया गया।